



# नशे के ओवर डोज से गई जान

**खास बातें**

- नशे का इंजेक्शन लगाने से पहले भी हो चुकी हैं कई मौतें
- पुराने आरटीओ कार्यालय की बिल्डिंग में मिला अज्ञात शव



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 12 अगस्त, मुखर्जी नगर रोड स्थित पुराने आरटीओ कार्यालय के जर्जर भवन में एक अज्ञात शव मिलने से हड़कप मच गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार शव के मुंह से झाग निकल रहा है तथा हाथ में इंजेक्शन (सिरिंज) लगी हुई है.जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है.**

### पुलिस के अभियान की निकली हवा

पुलिस ने नशे है दूरी है जरूरी अभियान चलाया था जिसकी थीम थी कि युवाओं को नशे के नुकसान बताने के साथ उससे दूरी बनाने की शपथ दिलाई थी. इसी अभियान के तहत पुलिस ने दावा किया था कि जिले के करीब 78 हजार लोगों ने नशे दूरी की शपथ ली थी. इस अभियान पर लाखों खर्च किए थे. और अभियान को कितनी सफलता मिली इसकी हकीकत सामने आ चुकी है.

प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि व्यक्ति नशा लेता था उसके आसपास जो इंजेक्शन मिले हैं वह हाई एलर्जी के इंजेक्शन थे साथ ही व्यक्ति के हाथ में इंजेक्शन लगाने वाली सिरिंज फसी हुई है. ऐसा लग रहा है कि नशे का ओवरडोज लेने से व्यक्ति की मौत हो गई है मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है और जांच की जा रही है.इस संबंध में जिला आरटीओ अधिकारी बृजेश वर्मा ने बताया कि पुराने आरटीओ कार्यालय में एक शव मिला है जिसकी मौत नशे के कारण हुई है बाकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को संज्ञान में लिया है.

इसी तरह का मामला पूरानपुरा से भी सामने आया था.जहां पर नशे के आदि एक युवा ने कई दिनों तक नशे का डोज नहीं लिया था. लेकिन कुछ नशे से दूर रहने के बाद जब उसने नशे का ओवर डोज लिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी. युवक का शव घर के वाश रूम में मिला था. इसी तरह दुर्गानगर इलाके में बड़ी संख्या में नशा करने वाले मिल जाएगें.

### पहले भी हो चुकी है मौत

नशे की लत से मौत का यह पहला मामला नहीं है इससे पहले भी शहर में कई मौत नशे के ओवर डोल से हो चुकी हैं. एक ऐसा ही मामला जतरापुरा के आगे मैदान के सामने आया था जहां पर भी एक युवा इसी तरह से नशे का इंजेक्शन लगाने के दौरान मौत हुई थी जिसके बाद पुलिस ने अभियान चलाया था. जिसके बाद कई जगह दबिश भी दी गई थी. जिससे नशा करने वालों में खौफ पैदा हो गया था और नशे का करोबार करने वाले अंडर ग्राउंड हो गए थे.

# तिरंगा यात्रा राजनैतिक, शासकीय कर्मचारी ना हों शामिल

### प्रदेश कांग्रेस सचिव ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 12 अगस्त , पीसीसी के प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह ने मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए 13 अगस्त बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में शासकीय कर्मचारियों के शामिल होने का अनुरोध किया है.ज्ञापन में कहा गया कि सांसद और केबिनेट मंत्री शिवराजसिंह चौहान इस यात्रा में शामिल होंगे.**

स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा का आयोजन उचित है .जिला प्रशासन की तिरंगा यात्रा का आयोजन हो चुका है जिसमें जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन शामिल था. 13 अगस्त को होने वाली तिरंगा यात्रा की आयोजक भारतीय जनता पार्टी है और यह एक राजनैतिक कार्यक्रम है, इसमें शासकीय कर्मचारियों का शामिल होना उचित नहीं है. चूंकि स्थानीय विधायक द्वारा पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों की बैठक लेकर उन्हें इस यात्रा में अनिवार्य रूप से शामिल होने हेतु निर्देशित किया गया है जो अनुचित कार्य है. प्रदेश सचिव ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि या तो इस कार्यक्रम को शासकीय कार्यक्रम घोषित करें या फिर अगर यह भाजपा का ही कार्यक्रम है तब इसमें किसी भी शासकीय कर्मचारी के शामिल ना होने का निर्देश जारी करें. ताकि शासकीय मशीनरी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, नगर पालिका कर्मचारियों आदि का भीड़ बढ़ाने में दुरूपयोग न हो सके.इअन्यथा भाजपा के इस राजनैतिक कार्यक्रम में कोई शासकीय कर्मचारी शामिल होता है तब इसका उत्तरदायित्व जिला प्रशासन के मुखिया होने के नातें आपका होगा, जिसकी हम उचित माध्यम से शिकायत कर आपसे जबाव मागेंगे.



## पुण्यतिथि पर आज प्रतिभाओं का होगा सम्मान



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा**,गंजबासौदा शिक्षा समिति एवं नागरिक बैंक के आधार स्तंभ, अनेक शैक्षणिक एवं पारमार्थिक संस्थाओं के जनक स्व. बाबूजी श्री रतनचंद जी ओसवाल की 23वीं पुण्यतिथि आज 13 अगस्त बुधवार को मनाई जाएगी.इस अवसर पर उनके उदारमन और अलौकिक व्यक्तित्व को श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे.कार्यक्रम श्री लालबहादुर शास्त्री महाविद्यालय में प्रात: 10 बजे से प्रारंभ होगा. इस अवसर पर महाविद्यालय के सत्र 2024-25 के विभिन्न संकायों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी होंगे जबकि विशेष अतिथि श्रीमती शशि अनिल यादव, अध्यक्ष नपा परिषद्,श्रीमती नीतू देवेंद्र रघुवंशी जनपद अध्यक्ष, निशंक जैन पूर्व विधायक, श्रीमती लीना संजय जैन पूर्व विधायक, राजेश तिवारी सदस्य भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति, देवेंद्र यादव सांसद प्रतिनिधि,कान्तिभाई शाह, समाजसेवी एवं अध्यक्ष नागरिक सेवा समिति, कन्छेदी लाल जैन, समाजसेवी एवं अध्यक्ष चेतना सेवा समिति उपस्थित रहेंगे.




## भोपाल में सम्मानित हुए ओलंपस हाई के विद्यार्थी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सहोदय ग्रुप ऑफ़ सीबीएसई स्कूल भोपाल के तत्वावधान में आयोजित इंटर स्कूल देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल के सेज इंटरनेशनल स्कूल में हुआ.प्रतियोगिता में भोपाल संभाग के कई विद्यालयों ने भाग लिया और ओलंपस हाई के संगीत दल ने अपना लोहा मनवाते हुए जूरी मेंबर्स को इतना मंत्रमुग्ध कर दिया कि उन्होंने बच्चों को तृतीय पुरस्कार से नवाज़ा. सभी श्रोताओं ने बच्चों की प्रस्तुति की भरपूर प्रशंसा की. स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया की बच्चों ने शिवाजी महाराज की वीर गाथा का वर्णन जय भवानी जय शिवाजी गीत के साथ किया और गीत के बोल भारत माता के सपूतों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करने वाले थे, सभी श्रोता अपने आपको तालियों की गड़गड़ाहट करने से रोक नहीं पाये. स्कूल प्राचार्या प्राची रघुवंशी ने बच्चों को बधाई दी और उनके मेंटर्स को भी प्रोत्साहित किया.

## स्प्रिंगफील्ड स्कूल में मध्य प्रदेश के फुटबॉलरों ने दिखाया दम

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 12 फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर 14 आयु वर्ग से पहला मुकाबला सागर पब्लिक स्कूल भोपाल एवं साकेत एमजीएम स्कूल विदिशा के बीच खेला गया जिसमें सागर पब्लिक स्कूल भोपाल ने यह मुकाबला 7/0 से जीत लिया.**

अगला मुकाबला होली फैमिली स्कूल भोपाल एवं शिशु कुंज इंटरनेशनल स्कूल इंदौर के बीच खेला गया जिसमें शिशु को इंटरनेशनल स्कूल ने यह मुकाबला 4/0 से जीत लिया.अंडर 14 आयु वर्ग से अगला मुकाबला सत्य प्रकाश पब्लिक स्कूल एवं श्री सत्य साइन स्कूल इंदौर के बीच खेला गया जिसमें श्री सत्य साइन स्कूल ने यह मुकाबला 8/0 से जीत लिया.वही अगला मुकाबला लिटिल एंजेल स्कूल ग्वालियर एवं पोदार वर्ल्ड स्कूल भोपाल के बीच खेला गया जिसमें लिटिल एंजेल स्कूल ने यह मुकाबला 9/0 से जीत लिया. अंडर 14 आयु वर्ग से अगला मुकाबला सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल बुदनी एवं माइक्रो विज़न अकादमी बुरहानपुर के बीच खेला गया जिसमें सेंट फ्रांसिस कान्वेंट बुधनी ने यह मुकाबला 4/0 से जीत लिया.वही अंडर 17 आयु वर्ग में पहला मुकाबला मिट्ठी गोविंदराम स्कूल भोपाल एवं कैंपियन स्कूल भौरी भोपाल के बीच खेला गया जिसमें मिट्ठी गोविंद राम ने तीन एक से यह मुकाबला जीता.अगला मुकाबला ट्रिनिटी कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल विदिशा एवं आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल के बीच खेला गया जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल ने एक /जीरो से यह मुकाबला जीत लिया. दिन का अगला मुकाबला अंडर 17 आयु वर्ग से ईलवा हाई सेकेंडरी स्कूल इंदौर एवं ऑरिएंटल स्कूल भोपाल के बीच खेला गया जिसमें ईलवा हाई सेकेंडरी स्कूल ने यह मुकाबला 6/ 0 से जीत लिया.दिन का अगला मुकाबला एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल भोपाल एवं आर्मी पब्लिक स्कूल सागर के बीच खेला गया जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल सागर ने यह मुकाबला 2/0 से जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया.




## फसलों में विभिन्न दवाओं को एक साथ मिलाकर उपयोग न करें

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,वर्तमान में जिले में सोयाबीन, धान, उड़द, मक्का आदि फसलें कृषकों के खेतो में लगी हुई हैं.फसलों को प्रभावित करने वाले खरपतवार, कीट व्याधि की रोकथाम हेतु किसानों के द्वारा रासायनिक दवाओं का उपयोग किया जाता है.ऐसा देखने में आ रहा है कि कई किसान समय और श्रम बचाने के लिये विभिन्न दवाओं को एक साथ मिलाकर फसलों पर छिड़काव करते हैं,जो कि फसलों के लिए हानिकारक हो सकता है.**

अत:कृषकों को सलाह दी जाती है कि फसलों में कीटनाशक, फफूंदनाशी और खरपतवारनाशी जैसी विभिन्न रासायनिक दवाओं को बिना परीक्षण और परामर्श के दवाओं के मिश्रण का उपयोग न करें. विभिन्न दवाओं के मिश्रण उपयोग करने से रासायनिक प्रतिक्रिया होकर दवा की प्रभावशीलता कम हो सकती है.फसलों को झुलसने या सूखने का खतरा बढ़ सकता है.मिट्टी और पर्यावरण पर नकारात्मक असर पड़ सकता है.उत्पादन और गुणवत्ता दोनों प्रभावित हो सकते हैं.अत:कृषकों को सलाह दी जाती है कि कृषि उपयोगी दवाओं का प्रयोग कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों या कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा के कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विज्ञान केन्द्र रायसेन की अनुशंसा मार्गदर्शन के अनुसार और पैकेट पर लिखे निर्देशों के अनुसार करें.कृषकों से अपील है कि कृषि उपयोगी दवा खरीदते समय विक्रेता से पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें.

## असहाय वृद्ध को पड़ा मिर्गी का दौरा, रेलवे कर्मचारियों ने बचाई जान




### 108 एम्बुलेंस सेवा की खुली पोल

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा**,रेलवे सिग्नल विभाग, गंजबासौदा ने एक बार फिर साबित किया कि सेवा केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवता का सर्वोच्च धर्म है.सोमवार सुबह स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर एक अज्ञात, असहाय वृद्ध को अचानक मिर्गी का तेज़ दौरा पड़ा. वह प्लेटफॉर्म के किनारे गिरकर तड़पने लगा, लेकिन सैकड़ों की भीड़ में से कोई भी रेल यात्री मदद के लिए आगे नहीं आया.जैसे ही घटना की खबर सिग्नल विभाग के कर्मचारियों को मिली, कर्मचारियों ने बिना एक पल गंवाए मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला. विभाग के मुकेश अहिरवार ने तुरंत डायल 108 पर एम्बुलेंस बुलाने की कोशिश की, जबकि मोहित रैकवार ने श्रमदान दल के सदस्य एवं अपने साथी आकाश जैन को घटना से अवगत कराया. तत्पश्चात आकाश जैन की अगुआई में करन राय, मोहन कुशवाह, मोहित रैकवार, मुकेश अहिरवार और प्रदीप अहिरवार ने मिलकर वृद्ध को स्ट्रेचर की मदद से 108 एम्बुलेंस से राजीव गांधी जन चिकित्सालय पहुँचाया.

### डायल 108 सेवा की बड़ी लापरवाही

पीड़ित वृद्ध को तड़पता देख जब मुकेश अहिरवार ने 108 कंट्रोल रूम से संपर्क किया, तो ऑपरेटर ने चालक को तुरंत घटनास्थल भेजने का निर्देश दिया. लेकिन, हैरानी की बात यह रही कि एम्बुलेंस चालक ने डीजल की कमी का बहाना बनाकर आने से मना कर दिया ! यह न केवल सेवा प्रदाता कंपनी की घोर लापरवाही है, बल्कि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर खामी भी उजागर करता है.आखिरकार, दूसरे वाहन को भेजा गया, जिससे कीमती समय बर्बाद हुआ. सवाल उठता है— अगर एक ही समय पर दूसरी गंभीर घटना हो जाती, तो क्या समय पर मदद न मिलने से किसी की जान चली जाती? यह स्थिति किसी भी संवेदनशील प्रशासन के लिए चेतावनी से कम नहीं है.

## बिना सूचना जमीन की कर दी घेराबंदी, भूखंड मालिक ने एनएचएआई पर लगाए आरोप

### एसडीएम से जांच कर घेराबंदी हटाने की मांग



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, नेशनल हाईवे बाईपास के ग्राम हसनाबाद में सर्वे क्र 29/3/3, रकबा 0.470 हेक्टेयर भूमि के एक हिस्से का अधिग्रहण पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कर चुका है. शेष बची जमीन का सीमांकन व आवासीय डायवर्सन कराकर भूखंड मालिक ने उसे विक्रय कर दिया था.**

आवेदक का कहना है कि हाल ही में एनएचएआई ने बिना पूर्व सूचना रोड से 15 फीट अंदर तक उनके भूखंडों पर चीरे गाड़कर घेराबंदी कर दी.अब निर्माण कार्य पर भी रोक लगाई जा रही है.भूखंड मालिक ने इसे अनुचित बताते हुए उपखंड अधिकारी को शिकायत दी है और मांग की है कि घेराबंदी हटाकर उन्हें अपने भूखंड पर निर्माण करने दिया जाए. ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा नेता राजेश जैन के साथ भू स्वामी तथा प्लाट खरीददार मौजूद थे.

**विरोध** | **कांग्रेस ने भाजपा सरकार को दिखाया आईना**

# सड़कों के गड्ढों पर बनायी रंगोली

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, विदिशा शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की बदहाल सड़कों और बड़े-बड़े गड्ढों के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया. भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के सामने सड़क पर बने गड्ढों से शुरू होकर पुरानी सब्जी मंडी के मुख्य मार्ग तक रंगोली बनाई गई. इस प्रदर्शन का उद्देश्य विदिशा के सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को उनकी उपेक्षा के लिए आइना दिखाना था, जिन्होंने क्षेत्र की जनता से विदिशा को पेरिस बनाने का वादा किया था.**

कार्यक्रम के आयोजक और कांग्रेस नेता रवि साहू ने कहा शिवराज सिंह चौहान ने 18 साल तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए और लाखों वोटों से विदिशा से लोकसभा चुनाव जीतकर भी इस शहर की सुध नहीं ली. पूरा शहर गड्ढों में तब्दील हो चुका है.गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य बाजार तक की सड़कें खुदी पड़ी हैं, जिनमें बड़े-बड़े गड्ढे जनता के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं. साहू ने तंज कसते हुए कहा शिवराज जी ने विदिशा को पेरिस बनाने का वादा किया था, इसलिए हमने इन गड्ढों पर रंगोली बनाकर उनका स्वागत किया है.उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की अंदरूनी गुटबाजी के चलते विदिशा में विकास कार्य ठप पड़े हैं.नेता अपनी-अपनी वाहवाही लूटने में व्यस्त हैं, जिसके कारण जनता की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहा.इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लेते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा विदिशा में अगर कहीं उच्च स्तरीय सड़क निर्माण हुआ है, तो वह ढोलखेड़ी क्षेत्र में है, जहां शिवराज सिंह चौहान और उनके चहेतों की जमीन-जायदाद मौजूद है.बाकी शहर की सड़कें बदहाल हैं, और जनता को रोजमर्रा की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है. रघुवंशी ने आरोप लगाया कि शिवराज ने अपने कार्यकाल में विदिशा के विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिसके कारण जनता आज त्रस्त है.मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री आनंद प्रताप सिंह ने भी इस अवसर पर अपनी बात रखी.उन्होंने कहा कि मोदी और शिवराज डबल इंजन की सरकार की बात करते हैं, लेकिन विदिशा में तो डबल ही नहीं, तीन-चार इंजनों की सरकार चल रही है.फिर भी जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा.कार्यक्रम में जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण राजू अवस्थी,सुमित वैध, संदीप अमावते,संतोष चिडार, संजीव प्रजापति,राजू मालवीय,मिलन तिवारी,सुनील साहू, हनी गुप्ता, अक्षय राजपूत,मोहित चिड़ार,राम चरण अहिरवार, सुशील कुशवाह,मनोज नामदेव,भोला किरार,विकास किरार मोहन अहिरवार,मंगल सिंह,सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.



### कुरवाई में निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,**मंगलवार को नगर में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया.यात्रा भाजपा मेहलुआ मंडल के ग्राम बरबाई से प्रारम्भ होकर मेहलुआ होते हुए कुरवाई मण्डल में घूंघट गार्डन से नगर में निकाली गई , जो मुख्य बाजार होते हुए बस स्टैंड पर संपन्न हुई.पूरे मार्ग में देशभक्ति के गीतों और नारों से माहौल गूंज उठा.बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी और नगरवासी हाथों में तिरंगा लेकर इस यात्रा में शामिल हुए.यह यात्रा भारतीय सेना के शौर्य और वीरता को समर्पित रही.मुख्य अतिथि के रूप में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे पूरे जोश के साथ हाथों में तिरंगा लिए यात्रा में शामिल हुए.बस स्टैंड पर आम सभा का आयोजन किया गया, जहां विधायक सप्रे ने कहा कि हमें दुख होता है कि देश में कांग्रेस जैसा विपक्ष है, जो राजनीतिक लाभ के लिए अपनी ही सेना के पराक्रम पर सवाल उठाता है और सबूत मांगता है.



## सादगी से मनाया विधायक मुकेश टंडन का जन्मदिन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** विधायक मुकेश टंडन का जन्मदिन मंगलवार को सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा के जिलेभर के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे. सुबह विधायक टंडन ने पौधरोपण किया, वहीं दोपहर 2 बजे के बाद मुखर्जी नगर स्थित निवास पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की.जन्मदिन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें शुभकामनाएं दीं. विधायक टंडन ने कहा मैं पार्टी कार्यकर्ताओं और विदिशा का ऋणी हूं, यह जीवन पर्यंत नहीं चुका सकूंगा.